पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद की कार्यकारिणी समिति एवं वार्षिक बैठक सम्पन्न

———————

आश्रय गृहों में संवासित बच्चों की व्यवस्थाओं की कोई कमी न हो —श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 1 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद की कार्यकारिणी समिति एवं वार्षिक आम सभा की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्यपाल जी ने परिषद द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2019—20 की बैठक की कार्यवाही, वार्षिक प्रगति आख्या 2020—21, आडिटेड लेखे आय—व्यय विवरण 2020—21 तथा 2021—22 पर चर्चा की और अनुमोदन दिया।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने परिषद की जनरल सेक्रेटरी श्रीमती रीता सिंह द्वारा आर्थिक अनुदान प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों तथा कोविड—19 काल में अन्य संस्थानों और व्यक्तिगत दान—दाताओं से प्राप्त आर्थिक सहायता में आई कमी की चर्चा को गम्भीरता से लेते हुए कहा बाल कल्याण परिषद बच्चों के कल्याण के लिए ही बना है और अभिभावकों के आश्रय से छूटे, किन्ही कारणों से घर से भागे बच्चों को यहाँ आश्रय मिलता है। सामाजिक सहयोग इन बच्चों के संरक्षण की समुचित व्यवस्थाओं का बहुत बड़ा आधार होता है। उन्होंने परिषद को निर्देश दिया कि वे अपनी आवश्यकताओं का प्रस्ताव बनाकर सहायता समूहों, सामाजिक सहायता हेतु दान देने वाले लोगों से सम्पर्क करके प्रस्ताव के आधार पर पूर्ति के लिए आग्रह करें। उन्होंने परिषद द्वारा लघु गृह उद्योग लगाकर आवासित महिलाओं के सहयोग से आर्थिक उपार्जन के प्रयासों की प्रगति की समीक्षा भी की।

राज्यपाल जी ने बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक सुश्री सारिका मोहन को केन्द्र सरकार से प्राप्त बजट से बाल कल्याण परिषद के अनुदान अंश को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों, बाल गृहों, महिलाओं हेतु संरक्षण गृहों में आवासित संवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं और उचित भोजन व्यवस्थाओं में कमी न हो इसके लिए अधिकारी सहृदयता पूर्वक कार्य करें।

बैठक में परिषद को वन विभाग के प्राप्त भूमि की लीज नवीनीकरण के बिन्दु पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल जी ने बैठक में उपस्थित वन अधिकारी रवि सिंह को बाल कल्याण परिषद के पदाधिकागणों के साथ बैठक करके सभी कागजी कार्यवाही पूर्ण कराने तथा लीज नवीनीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, बाल कल्याण परिषद के चैयरमैन डा0 एस.एस.डंग, परिषद के अन्य पदाधिकारीगण सहित, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

——————

सीमा गुप्ता/राजभवन (92/18)
सम्पर्क सूत्र
8318116361

बाल कल्याण परिषद
की
समिति एवं
सभा की बैठक
दिसम्बर 2021, 12:00 बजे

उत्तर प्रदेश बाल कल्याण परिषद
की
कार्यकारिणी समिति एवं
वार्षिक साधारण सभा की बैठक
दिनाँक – 01 दिसम्बर 2021, 12:00 बजे
राजभवन, लखनऊ